

# एल-4 में लटकी सीएम हेल्पलाइन की शिकायत

## आरईएस सीधी अग्निकांड की सीएम हेल्पलाइन में हुई शिकायत एक वर्ष से एल-1 से एल-4 में अटकी, अधीक्षण यंत्री के निर्देश के बाद भी नहीं पूरी हुई जांच

नवभारत न्यूज

**सीधी 25 जून। सीएम हेल्पलाइन की शिकायत एल में लटकी हुई है। आरईएस सीधी अग्निकांड की सीएम हेल्पलाइन में हुई शिकायत एक वर्ष से एल-1 से एल-4 में अटकी है। अधीक्षण यंत्री के निर्देश के बाद भी जांच नही पूरी हुई।**




दरअसल शहर के समीपी पड़ैनिया खुर्द निवासी ए.एन.सिंह द्वारा विगत 30 सितम्बर 2024 को कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कार्यालय सीधी में आवेदन देकर कहा गया था कि कार्यालय में पदस्थ संविदा डाटा इंट्री आपरेटर नीलेश पाण्डेय द्वारा करोड़ो के घोटाले के दस्तावेजों एवं विभाग के चेक एवं डीडी में आग लगा दी गई है। जिस पर जांच कर कार्यवाई सुनिश्चित की जाय। दिय गये आवेदन पर कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कार्यालय द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिस पर अधीक्षण यंत्री रीवा के यहां शिकायत की गई। अधीक्षण यंत्री द्वारा पत्र क्रमांक 1305 दिनांक 13 अक्टूबर 2025 एवं कार्यालयीन पत्र क्र. 8204, 8206 दिनांक 24 नवम्बर 2025 के माध्यम से संबंधित कर्मचारियों को शिकायत के संबंध में कथन एवं नष्ट हुए अभिलेखों की सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। यहां से कोई निराकरण न होने पर सीएम हेल्पलाइन में शिकायत क्रमांक 30806383, दिनांक 2 फरवरी 2025 को दर्ज कराई गई। सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायत एल-1 से होते हुये एल-4 में जाकर लटकी हुई है। निराकरण को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

### शिकायत मुख्यमंत्री समाधान में भेजने की गई मांग

सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायत क्रमांक 30806383, दिनांक 2 फरवरी 2025 के एल-4 में जाकर लटकने पर शिकायतकर्ता ए.एन.सिंह द्वारा सीएम हेल्पलाइन में कॉल कर यह कहा गया है कि उनकी शिकायत का निराकरण एक वर्ष बाद भी नहीं हो सका, ऐसे में आवेदक की शिकायत निराकरण के लिये मुख्यमंत्री समाधान में भेजी जाय।

### निराकरण को लेकर गंभीर नहीं जिम्मेदार

आरईएस अग्निकांड जो काफी चर्चाओं में बना हुआ है। उससे संबंधित शिकायत के निराकरण को लेकर कार्यपालन यंत्री आरईएस कार्यालय सीधी गंभीर नहीं है। हैरत की बात तो यह है कि अधीक्षण यंत्री के पत्र भेजने के बाद भी शिकायत का निराकरण करने की जरूरत नहीं समझी जा रही है। ऐसे में तरह-तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं।

### इनका कहना है

सीएम हेल्पलाइन में दर्ज उक्त शिकायत का जल्द निराकरण कराना सुनिश्चित किया जायेगा।

**सी.एल.साकेत, कार्यपालन यंत्री आरईएस सीधी**

# जागरूकता एवं विधिक साक्षरता कार्यक्रम आयोजित

## अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर जिला न्यायालय में हुआ कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**सीधी 25 जून। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी प्रयाग लाल दिनकर के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस पर न्यायालय परिसर में जनजागरूकता एवं विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**




कार्यक्रम का उद्देश्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति आमजन को जागरूक करना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए जनसहभागिता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी मुकेश कुमार शिवहरे ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति में भी गंभीर बाधा उत्पन्न करता है। उन्होंने उपस्थितजनों से नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा अपने आसपास के लोगों को भी नशामुक्त जीवन के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। इस दौरान नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों की विस्तृत जानकारी भी दी गई। जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं तथा नि:शुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी। कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुकेश कुमार शिवहरे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी धीरज आर्य, जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल विनोद कुमार श्रीवास्तव, बाबूलाल सिंह, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल देवेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, सत्यप्रकाश पाण्डेय, कुमोध यादव, अधिवक्ता व आमजन उपस्थित रहे।



# जिले में बड़े पैमाने पर साइबर जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सीधी 25 जून। पुलिस मुख्यालय द्वारा आमजन को साइबर अपराधों के प्रति सचेत करने और डिजिटल सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 के तहत जिला सीधी में व्यापक स्तर पर कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। यह अभियान पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन, एएसपी श्रीमती कमला जोशी एवं समस्त अनुभागों के एसडीओपी के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है।**

इसी क्रम में आज 25 जून को जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक स्थलों और धार्मिक स्थलों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रमों और शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम थाना जमोड़ी अंतर्गत क्राइस्ट ज्योति स्कूल में आयोजित हुआ। इस विद्यालयीन कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए आधुनिक युग में मोबाइल, इंटरनेट और सोशल मीडिया के उपयोग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण और भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इसके अलावा थाना मड़वास के शासकीय उत्कर्ष विद्यालय टिकरी में चौकी खड्डी थाना रामपुर नैकिन अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चकड़ोर में थाना भुईमाड़ के शासकीय हाई स्कूल केसलार में थाना कुसमी के शासकीय महाविद्यालय में थाना अमिलिया के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमिलिया में थाना मझौली अंतर्गत उमरिया स्कूल में थाना कोतवाली एवं थाना अजाक की संयुक्त टीम द्वारा पुराना बस स्टैंड पर सेफ क्लिक 2.0 अभियान अंतर्गत कार्यक्रम किया गया।

# किसानों को लाभकारी फसलों के लिये करें प्रेरित : गुप्ता

**सीधी 25 जून।** कृषि उत्पादन आयुक्त के.सी.गुप्ता ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से रीवा एवं शहडोल संभाग के कृषि एवं संबद्ध विभागों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को किसानों की आय बढ़ाने के लिए परिणाम आधारित कार्ययोजना अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसान समृद्ध होगा तभी प्रदेश समृद्ध होगा। प्रदेश की अर्थव्यवस्था में कृषि एवं इससे जुड़े क्षेत्रों का लगभग 46 प्रतिशत योगदान है, इसलिए खेती को लाभकारी व्यवसाय बनाने के लिए नवाचार और विविधीकरण आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को परंपरागत फसलों के साथ अधिक लाभ देने वाली दलहन, तिलहन एवं उद्यानिकी फसलों की खेती के लिए प्रेरित किया जाए। विशेष रूप से अरहर के रकबे में वृद्धि करने पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि पूसा-16 किस्म कम लागत में चार माह में तैयार हो जाती है तथा इसके बाद किसान आसानी से गेंहू की फसल ले सकता है। उन्होंने प्रत्येक जिले में कृषि एवं उद्यानिकी की विशिष्ट फसलों के लिए क्लस्टर विकसित करने तथा फल, सब्जी, मसाला एवं फूलों की खेती को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बैठक में एनआईसी कक्ष से कलेक्टर विकास मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी तथा कृषि एवं संबद्ध विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# संविधान की प्रति लहराने वाले कभी अपने गिरेबान में झांक कर देखें : डॉ.राजेश

## भाजपा द्वारा आपातकाल पर विचार गोष्ठी आयोजित




नवभारत न्यूज

**सीधी 25 जून। भारतीय जनता पार्टी द्वारा संविधान हत्या दिवस आपातकाल के काले अध्याय के 51 वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी कार्यालय में विचार गोष्ठी लोकसभा सांसद डॉ.राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य, जिला संगठन प्रभारी नरेंद्र त्रिपाठी के विशिष्ट आतिथ्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें मीसाबंदी लोकतंत्र सेनानी, वरिष्ठ समाजसेवी, व्यवसायी बाला प्रसाद गुप्ता, वरिष्ठ अधिवक्ता यदुनाथ सिंह चौहान, वरिष्ठ समाजसेवी मंगलेश्वर सिंह चौहान का अभिनंदन किया गया।**

विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि संविधान की प्रति लहराने वाले कांग्रेस के नेता राहुल गांधी कभी अपने गिरेबान में झांक कर देखें। इंदिरा गांधी ने संविधान की हत्या कर इमरजेंसी लगाई थी। उस जमाने में लोकतंत्र के चारों स्तंभ न्यायपालिका, कार्यपालिका, व्यवस्थापिका और मीडिया के सारे अधिकार और नागरिकों के मौलिक अधिकार को समाप्त कर दिया गया था। जब चाहे, जैसे चाहो, जिसे चाहे, उठाकर जेल में बंद कर दिया जाता था और आतंकवादियों जैसे सलूक किया जाता था। सांसद ने कांग्रेस पर तीक्ष्ण प्रहार करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में संविधान और देश की संवैधानिक ताकते निरंतर मजबूत हो रही हैं। मोदी जी के शासनकाल में संविधान नहीं बल्कि एक परिवार खतरे में है। उस परिवार को बचाने के लिए कांग्रेस हाय तौबा हाय तौबा मचा रखी है। भाजपा के नवनियुक्त भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के विशेष आमंत्रित सदस्य और सीधी जिले के संगठन प्रभारी नरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि इमरजेंसी में कांग्रेस ने यातनाओ की सारे हृदय पर की थी। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को इमरजेंसी का सत्य अवश्य जानना चाहिए और उससे हमें सबक भी लेना चाहिए।

लोकतंत्र रक्षा करते करने वाले मीसाबंदियों लोकतंत्र सेनानियों का भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान, सांसद डॉ.राजेश मिश्रा, जिला संगठन प्रभारी नरेंद्र त्रिपाठी ने मीशा बंदी बाला प्रसाद गुप्ता, यदुनाथ सिंह चौहान, मंगलेश्वर सिंह चौहान का साल श्रीफल से अभिनंदन करते हुए उनके कृतित्व को नमन किया। विचार गोष्ठी को पूर्व जिला अध्यक्ष केके तिवारी, इंद्रशरण सिंह चौहान एवं लालचंद गुप्ता ने भी संबोधित किया।

### आपातकाल लगाकर कांग्रेस ने घोटा लोकतंत्र का गला : देव कुमार

भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस की इंदिरा गांधी सरकार ने तानाशाही पूर्वक देश में इमरजेंसी लगाई थी। लोगों के मौलिक अधिकार समाप्त कर दिए गए थे। समाजसेवी एवं जन नेताओं को 19 से 20 माह तक जेल में कठोर यातनाएं दी गई।

## एक नजर में

### खरीफ सीजन में शनिवार को भी खुलेंगे उर्वरक वितरण केन्द्र

**सीधी।** खरीफ सीजन के दौरान किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर विकास मिश्रा ने महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में खरीफ फसलों के बुवाई का समय चल रहा है जिससे उर्वरकों की मांग लगातार बढ़ रही है। किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हें मांग के अनुरूप समय पर उर्वरक उपलब्ध हो सके, इसके लिए सप्ताह में शनिवार के दिन भी सभी उर्वरक वितरण केन्द्र संचालित किए जाएंगे। कलेक्टर ने जिला विपणन अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि आगामी खरीफ वर्ष 2026 को ध्यान में रखते हुए उनके अधीन संचालित सभी उर्वरक वितरण केन्द्र शनिवार को भी खुले रहें। साथ ही सभी केन्द्रों पर ई-विकास प्रणाली के माध्यम से पारदर्शी एवं सुचारु रूप से उर्वरकों का वितरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसानों को बिना किसी परेशानी के आवश्यक उर्वरक उपलब्ध हो सकें।

### बहरी में युवा संगम मेला का आयोजन कल

**सीधी।** जिले के शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 27 जून 2026 को शासकीय विद्यालय बहरी परिसर में एक दिवसीय युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन प्रात: 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक होगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार युवा संगम का आयोजन प्रत्येक माह किया जाता है। जून माह में यह कार्यक्रम पूर्व निर्धारित तिथि 16 जून के स्थान पर कलेक्टर के निर्देशानुसार 27 जून 2026 को आयोजित किया जाएगा। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में आयोजित इस मेले का संचालन जिला रोजगार कार्यालय, शासकीय आईटीआई एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, सीधी के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। मेले का उद्देश्य जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को एक ही स्थान पर रोजगार, स्वरोजगार तथा अप्रेंटिसशिप से जुड़ी विभिन्न संभावनाओं से जोड़ना है। मेले में देश, प्रदेश एवं स्थानीय स्तर की निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां सहभागिता करेंगी। साथ ही विभिन्न स्वरोजगार संचालित विभागों द्वारा भी स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां युवाओं को रोजगार, उद्यमिता, ऋण योजनाओं, कौशल विकास एवं अप्रेंटिसशिप संबंधी जानकारी और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने जिले के अधिक से अधिक शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों से अपील की है कि वे अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ युवा संगम मेले में उपस्थित होकर उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाएं।

### जिला चिकित्सालय में वृहद रक्तदान शिविर आज

**सीधी।** मानवता की सेवा और जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 26 जून को जिला चिकित्सालय सीधी में प्रात: 9 बजे से शाम 5 बजे तक वृहद स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अशोक कुमार खरे ने जिले के नागरिकों, समाजसेवी संगठनों, युवा वर्ग, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा शासकीय एवं अशासकीय कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आपका एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदान बन सकता है। एक यूनिट रक्त से तीन मरीजों की जान बचाई जा सकती है। रक्तदान महादान है और यह पूरी तरह सुरक्षित प्रक्रिया है। डॉ.खरे ने बताया कि स्वस्थ व्यक्ति नियमित रूप से रक्तदान कर सकता है। रक्तदान से शरीर में नई रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है तथा यह स्वास्थ्य की दृष्टि से भी लाभकारी माना जाता है। साथ ही यह समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने बताया कि शिविर में जिला चिकित्सालय की ब्लड बैंक टीम द्वारा रक्तदाताओं की स्वास्थ्य जांच, हीमोग्लोबिन परीक्षण एवं सुरक्षित रक्त संग्रहण की समुचित व्यवस्था की गई है। रक्तदान करने वाले सभी स्वयंसेवकों को प्रमाण-पत्र एवं स्वल्पाहार भी प्रदान किया जाएगा। सीएमएचओ ने कहा कि थैलेसीमिया, एनीमिया, प्रसूति, दुर्घटना एवं गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को नियमित रूप से रक्त की आवश्यकता होती है। ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदान अनेक लोगों के जीवन की रक्षा का माध्यम बनता है। उन्होंने जिलेवासियों से इस पुनीत अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाते हुए रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना अमूल्य योगदान देने का आग्रह किया।

# हाईस्कूल केशलार में साइबर सुरक्षा शपथ एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

नवभारत न्यूज

**कुसमी 25 जून। मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित राज्य स्तरीय सेफ क्लिक-2026 साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत गुरुवार को थाना भुईमाड़ क्षेत्र के शासकीय हाईस्कूल केशलार में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।**




कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के लिए प्रेरित करना था। थाना प्रभारी डी.डी.सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को साइबर सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए साइबर सुरक्षा विषयक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी साइबर जागरूकता का परिचय दिया। प्रतियोगिता के माध्यम से ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया सुरक्षा, पासवर्ड सुरक्षा, फर्जी लिंक एवं साइबर अपराधों से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गई। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भारत सरकार के साइबरदोस्त अभियान, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी या ऑनलाइन अपराध की स्थिति में तत्काल 1930 हेल्पलाइन अथवा एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए साइबर सुरक्षा के प्रति सदैव जागरूक रहने का संकल्प लिया।

# ईवीएम सत्यापन के लिए लगी अधिकारियों की ड्यूटी

नवभारत न्यूज

**सीधी 25 जून। आगामी नगरीय निकाय एवं पंचायत उप निर्वाचन की तैयारियों के तहत उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) ने ईवीएम के सत्यापन कार्य के लिए अधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित करते हुए आदेश जारी किए हैं।**

जारी आदेश के अनुसार राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी उप निर्वाचन में उपयोग होने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की वर्किंग एवं नॉन-वर्किंग स्थिति की जानकारी तत्काल आयोग को भेजी जानी है। इसके लिए सीधी स्थित ईवीएम वेयरहाउस में मशीनों के परीक्षण एवं सत्यापन का कार्य कराया जाएगा। इस कार्य के लिए जल संसाधन महान परियोजना, सीधी के उपयंत्री सुमित गुप्ता, अनीत द्विवेदी, रवीन्द्र भालेकर, शैलेन्द्र सिंह यादव एवं शुभम पाण्डेय की ड्यूटी तत्काल प्रभाव से लगाई गई है।

आदेश में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे तत्काल ईवीएम वेयरहाउस में उपस्थित होकर नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी के मार्गदर्शन में ईवीएम की कार्यशीलता का परीक्षण एवं सत्यापन कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें, ताकि आगामी उप निर्वाचन की तैयारियां समय पर पूरी की जा सकें।




# परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी : ज्ञान

## नीट पेपर लीक मुद्दे पर सीधी में कांग्रेस का राष्ट्रव्यापी संवाद कार्यक्रम, जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने छात्रों के भविष्य और परीक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता पर उठाई आवाज

नवभारत न्यूज

**सीधी 25 जून। जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को जिला कांग्रेस कार्यालय जवाहर भवन एवं गांधी चौक पार्किंग स्थल पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में संगठन की मजबूती, सोशल मीडिया की भूमिका, नीट पेपर लीक मामला एवं छात्रों के हितों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।**

जवाहर कांग्रेस भवन में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया वॉरियर प्रतिभा एक खोज अभियान के अंतर्गत सोशल मीडिया साथियों के साक्षात्कार एवं संवाद कार्यक्रम से हुई। दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आयोजित कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्ञान सिंह एवं जिला सोशल मीडिया प्रभारी रामनिवास तिवारी ने सोशल मीडिया साथियों से संवाद किया। इस दौरान उनके विचारों, अनुभवों और संगठन के प्रति समर्पण को जाना गया। ज्ञान सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया जनता की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने का मजबूत माध्यम बन चुका है। कार्यकर्ताओं को जनता के मुद्दों, युवाओं की समस्याओं और संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूती के साथ आमजन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर सोशल मीडिया के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह, प्रदेश महासचिव रविनाथ गोस्वामी एवं जिला अध्यक्ष नागेश्वर साकेत का विशेष सहयोग रहा। इसके बाद दोपहर 3:30 बजे जवाहर कांग्रेस भवन में नीट पेपर लीक मामले को लेकर पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। पत्रकारों को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में अनियमितताओं से लाखों मेहनती छात्रों के भविष्य पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है। युवाओं के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय स्वीकार नहीं किया जाएगा और नीट पेपर लीक मामले में दोषियों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।



### विभाग व प्रकोष्ठों की बैठक में हुआ मंथन

शाम 5 बजे जवाहर कांग्रेस भवन में सहयोगी संगठन विभाग एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को बूथ एवं जमीनी स्तर पर मजबूत करने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने और सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय को लेकर चर्चा की गई। ज्ञान सिंह ने कहा कि कांग्रेस संगठन की वास्तविक ताकत कार्यकर्ताओं की सक्रियता और जनता से सीधे जुड़ाव में है। सभी पदाधिकारी जनहित के मुद्दों को लेकर लगातार सक्रिय रहें। नीट मुद्दे पर राष्ट्रव्यापी संवाद कार्यक्रम में राहुल गांधी के संबोधन का सीधा प्रसारण, युवाओं को दिया मार्गदर्शन दिन के अंतिम कार्यक्रम के रूप में शाम 6 बजे गांधी चौक पार्किंग स्थल पर नीट मुद्दे को लेकर राष्ट्रव्यापी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं युवाओं ने भाग लिया। इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के संबोधन का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने नीट पेपर लीक मामले में जवाबदेही तय करने और छात्रों को न्याय दिलाने की मांग उठाई।

C M Y K